Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to stop the house construction activity on banks of Yamuna River in Okhala, Delhi.

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): माननीय अध्यक्ष जी, आपको अनेक बधाइयां और असंख्य धन्यवाद । मैं 17वीं लोक सभा में पहली बार बोल रहा हूँ । वैसे मैं दूसरी बार चुन कर आया हूँ । मैं नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली क्षेत्र का सांसद हूँ । अध्यक्ष जी, वहां से यमुना जी बहती हैं और वे बहुत खतरे में हैं । मैं आपके समक्ष और पूरे सदन के समक्ष यह खतरा बताना चाहता हूँ । पानी बहुत महत्वपूर्ण है । पानी जहां नहीं है, वहां तो एक समस्या है ही, लेकिन जहां पानी है और पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है, वहां समस्या अधिक है । जब मैं 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर यमुना किनारे सफाई में भाग लेने गया तो हम बेहोश होते-होते बचे हैं । यमुना जी को सबसे बड़ा खतरा यह हो रहा है कि ओखला क्षेत्र में यमुना जी के किनारे लगभग तीन हज़ार घर यमुना जी के अंदर बन गए हैं और इस समय भी बन रहे हैं । जैसा थोड़ी देर पहले हमारी बहन मीनाक्षी लेखी जी ने सीलिंग की बात कही थी, बाकी जगहों पर तो रोकी जाती है, लेकिन जहां सरकारी जमीन पर यमुना जी के अंदर घर बन रहे हैं, इस समय भी बन रहे हैं, वहां कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है? मैं समस्या आपके ध्यान में लाते हुए इसको तुरंत रोकने की कार्यवाही करने की प्रार्थना करता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सी.पी. जोशी, श्री सुधीर गुप्ता एवं श्रीमती मीनाक्षी लेखी को श्री मनोज तिवारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।